पाठ 7. तिज़ोरियों का चोर

पाठ की भूमिका

इस पाठ का उद्‌देश्य बच्चों में तनाव से निपटने का कौशल विकसित करना है ताकि उनमें अपनी तथा दूसरों की भावनाओं के प्रति समझ पैदा हो सके। ओ' हेनरी द्‌वारा लिखित यह एक विदेशी कथा है जिसमें इस पक्ष को उभारा गया है कि कोई भी व्यक्ति जन्म से बुरा नहीं होता। हमारा समाज ही उसे अच्छा या बुरा बनाता है और अगर मौका दिया जाए तो बुरा इनसान भी अच्छे रास्ते पर आ सकता है।

पाठ का सार

जिमी वैलंटाइन नामक एक चोर अपनी सज़ा काटकर जेल से रिहा होता है। जेल का वार्डन उसे नेक व्यक्ति बनने की हिदायत देता है। एक दिन जिमी छोटे-से शहर एलमोर पहुँचता है तथा वहाँ जूते की दुकान खोल लेता है। अब वह तिज़ोरी तोड़ने का काम छोड़ चुका है तथा एनाबेल एडम्स नाम की एक लड़की से शादी करने वाला है। उस शहर में वह रैल्फ़ डी. स्पेंसर के नाम से जाना जाता है। एनाबेल के पिता बैंक के लिए नयी तिज़ोरी खरीदते हैं और गर्व से अपने परिवार व जान-पहचान के लोगों को दिखाते हैं। तभी अचानक एक घटना घटती है। होता यों है कि खेलते-खेलते एनाबेल की बड़ी बहन की बेटी अगाथा तिज़ोरी में बंद हो जाती है। काफ़ी शोरगुल होने के बाद जिमी तिज़ोरी को खोल देता है तथा अगाथा की जान बचा लेता है। बेन प्राइस नामक पुलिसवाला उसको पहचान जाता है। जिमी उसके साथ गिरफ़्तार होकर जाना चाहता है किंतु मानवता का परिचय देते हुए बेन प्राइस उसे नहीं पहचानने का नाटक करता है। इस प्रकार बेन प्राइस उसे नया जीवन जीने का अवसर देता है।

अध्यापन संकेत

- **मूल पाठ के लिए संकेत**

  कहानी के विषय में प्रारंभिक परिचय देने के बाद कहानी के पठन-पाठन की प्रक्रिया से गुज़रना अनुकूल रहता है। कहानी को पूरा पढ़ाने के बाद बच्चों से प्रश्नोत्तर करें। यह बच्चों द्‌वारा अर्जित जानकारी और संवेदन क्षमता के आधार पर किया जाए। कहानी के पात्रों की चारित्रिक विशेषताओं के बारे में विशेष चर्चा करें। बच्चों को जिमी जैसे पात्रों के उदाहरण दैनिक जीवन से, यदि हों तो, दें।

- **अभ्यास प्रश्नों के लिए संकेत**
  - **मौखिक प्रश्नों, पहेलियों, पठित परिच्छेद** व **पाठ आधारित प्रश्नों** के अध्यापन संकेत हेतु **पृष्ठ संख्या 40** देखें।
  - **भाषा आधारित प्रश्नों** का उद्‌देश्य हिंदी भाषा के व्याकरण-पक्ष को सुदृढ़ करना है।
  - कारक को समझाते समय परसर्ग, कारक-चिह्न या विभक्ति शब्दों के बारे में बताएँ।
  - कारक का उसके विभक्ति-चिह्न से कोई अनिवार्य और सीधा संबंध नहीं है, इस तथ्य को समझाने के लिए उदाहरण दें। जैसे–रोहित ने रोटी खाई।–रोहित रोटी खाता है।–रोहित रोटी खाएगा।
- **क्रियाकलाप के लिए संकेत**
  - इंटरनेट से या किसी अन्य स्रोत से ऐसे व्यक्तियों के विषय में जानकारी एकत्रित करें जिनके जीवन ने अच्छी दिशा में करवट ली हो और उनका जीवन सुधर गया हो।

- नाट्य-रूपांतरण का कार्य परियोजना के रूप में दिया जा सकता है। बेहतरीन नाट्य-रूपांतरण का कक्षा में वाचिक अभिनय भी कराया जा सकता है।
- साक्षात्कार के लिए किस प्रकार वातावरण व प्रश्न-निर्माण किए जाने चाहिए, यह समझाएँ।